# JSTSE 2006-07

AMANS MATHS BLOGS.COM

AMANS MATHS BLOGS.COM

खुली मेधावी प्रतियोगिता ( कनिष्ठ ) परीक्षा 2006-2007

# OPEN MERIT (J.S.T.S.) SCHOLARSHIP EXAM. 2006-2007

सामान्य विज्ञान तथा गणित

## GENERAL SCIENCE AND MATHEMATICS

अनुक्रमांक ( अंकों में ) .................................... पूर्णांक : 175

Roll No. (In Figures) .................................... Max. Marks : 175

अनुक्रमांक ( शब्दों में ) .................................... समय : 2 घंटे 30 मिनट

Roll No. (In Words) .................................... Time : 2 Hrs 30 Minutes

दिनांक परीक्षक के हस्ताक्षर

Date .................................... Invigilator's Signature ....................

आवश्यक निर्देश

इसी प्रश्न पत्र पर ही (1), (2), (3) एवं (4) में से सही उत्तर का उचित क्रम दाहिनी ओर वर्ग में लिखिए। अलग से उत्तर पुस्तिका नहीं प्रदान की जाएगी।

**Important Instructions**

Write your answers on this Question Paper only from (1), (2), (3) and (4). No separate Answer Sheet is supplied.

प्रश्न पत्र II

**PAPER II**

COMBINED TEST PAPER II OF OPEN MERIT (JUNIOR SCIENCE TALENT SEARCH)—2006-2007

1. इस प्रश्न पत्र में 36 पृष्ठ हैं।
2. इस प्रश्न पत्र के चार भाग हैं। देख लें कि आपके पास चारों भाग I, II, III व IV हों। कृपया देखें कि भाग I, II व III में पचास प्रश्न प्रति भाग हैं और भाग IV में 25 प्रश्न हैं।
3. सभी 175 प्रश्नों के उत्तर दें।
4. प्रश्न-पत्र पर प्रत्येक के लिए चार संभावित उत्तर (1), (2), (3) और (4) दिए गए हैं। केवल एक जो कि आप सही समझते हैं, उत्तर का उचित क्रमांक दाहिनी ओर वर्ग में लिखिए। केवल स्याही या बाल प्वाइंट पैन का उपयोग करें। **पैंसिल का उपयोग वर्जित है।**

उदाहरण : निम्नलिखित में से दहन-पोषक कौन-सा है :

(1) कार्बन डाइऑक्साइड

(2) ऑक्सीजन

(3) कार्बन

(4) नाइट्रोजन

| 2 |
|---|

1. This question booklet contains 36 pages.
2. This question paper comprises four parts. Make sure you have all the four Parts I, II, III and IV with you. See that Part I, II and III contain fifty questions each and Part IV contains 25 questions.
3. Answer all the 175 questions.
4. On the Question Paper for every question, there are four options, *i.e.*, (1), (2), (3) and (4). Write the serial number of the answer that you think correct in the box given at the right side. Use only ink or Ball point pen. **Pencils are not allowed.**

**Example :** Which one among the following is a supporter of combustion :

(1) Carbon dioxide

(2) Oxygen

(3) Carbon

(4) Nitrogen

| 2 |
|---|

AMANS MATHS BLOGS.COM



Part - I

## भौतिकी
## PHYSICS

1. बन्दूक से सीधे ऊपर (या ऊर्ध्वाधर दिशा में) चलाई गई एक गोली 50 m की ऊँचाई तक पहुँचती है और फिर उसी स्थान पर वापस आ जाती है जहाँ से चलाई गई थी । इस गोली का विस्थापन है :

(1) 100 m
(2) 50 m
(3) 75 m
(4) शून्य

2. भिन्न-भिन्न धातुओं, किन्तु समान व्यास के दो गोलों का द्रव्यमान 30 kg तथा 20 kg है, इनको एक साथ एक ही ऊँचाई से गिराया जाता है । जब ये पृथ्वी की सतह से 5 m ऊपर हैं, उस समय उनका :

(1) त्वरण समान होगा
(2) संवेग समान होगा
(3) गतिज ऊर्जा समान होगी
(4) आन्तरिक ऊर्जा समान होगी

3. एक समान चाल से वृत्ताकार पथ में घूमती हुई वस्तु का :

(1) वेग स्थिर रहता है
(2) त्वरण स्थिर रहता है
(3) मंदन स्थिर रहता है
(4) त्वरण परिवर्तित होता रहता है

4. किसी वस्तु के संवेग का आंकिक मान उसकी गतिज ऊर्जा के आंकिक मान के बराबर है । उस वस्तु की चाल कितनी है ?

(1) $1\ ms^{-1}$
(2) $2\ ms^{-1}$
(3) $3\ ms^{-1}$
(4) $4\ ms^{-1}$

5. निम्नलिखित में किस से किसी वस्तु द्वारा तय की गई दूरी ज्ञात होती है ?

(1) दूरी-समय ग्राफ का प्रवणता से
(2) दूरी-समय ग्राफ के अन्तर्गत क्षेत्रफल से
(3) चाल-समय ग्राफ का प्रवणता से
(4) चाल-समय ग्राफ के अन्तर्गत क्षेत्रफल से

1. A bullet fired vertically upwards reaches a height of 50 m and then falls back to the same place. Its displacement is :

(1) 100 m
(2) 50 m
(3) 75 m
(4) zero

2. Two speres of the same diameter but of different materials have masses of 30 kg and 20 kg. They are dropped from the same height simultaneously. At a distance of 5 m from the ground, they will have the same :

(1) acceleration
(2) momentum
(3) kinetic energy
(4) potential energy

3. A body moving in a circle with a constant speed will have :

(1) constant velocity
(2) constant acceleration
(3) constant retardation
(4) variable acceleration

4. The momentum of a body is numerically equal to its kinetic energy. What is its speed ?

(1) $1\ ms^{-1}$
(2) $2\ ms^{-1}$
(3) $3\ ms^{-1}$
(4) $4\ ms^{-1}$

$mv = \frac{1}{2}mv^2$

$2 = v$

5. Which of the following gives the distance travelled by a body :

(1) slope of distance-time curve
(2) Area under distance time curve
(3) Slope of speed-time curve
(4) Area under speed-time curve

AMANS MATHS BLOGS.COM

6. यदि कैंची के दो ब्लेडों में से एक ब्लेड टूट जाये तो वह कागज को नहीं काट सकती । इसकी किस नियम से व्याख्या की जा सकती है ?

(1) न्यूटन का गति का पहला नियम

(2) गति का दूसरा नियम

(3) गति का तीसरा नियम

(4) घर्षण का नियम

7. यदि दो ग्रहों पर सेकेण्डी दोलकों की लम्बाइयों का अनुपात 2 : 3 हो, तो इन ग्रहों पर गुरुत्वीय त्वरणों का अनुपात होगा :

(1) 2 : 3

(2) 3 : 2

(3) $\sqrt{2} : \sqrt{3}$

(4) $\sqrt{3} : \sqrt{2}$

8. किसी मीनार से एक बॉल मुक्त अवस्था में गिरती है । ठीक उसी समय उसी प्रकार की दूसरी बॉल को 2 m/s$^{-1}$ की चाल से उसी बिन्दु से क्षैतिज दिशा में फेंका जाता है । यदि पहली बॉल को भूतल से टकराने में 2 सेकंड का समय लगे, तो दूसरी बॉल को कितना समय लगेगा ?

(1) 1 S

(2) $\frac{1}{2}$ S

(3) 2 S

(4) 3 S

9. किसी वस्तु का वायु में भार 750 N है । यदि $D_1$, $D_2$ तथा $D_3$ घनत्व के द्रवों में इस वस्तु के पूरा डूबने पर इसका भार क्रमशः 650 N, 550 N तथा 600 N हो जाता है, तो निम्नलिखित में से कौन-सा सम्बन्ध ठीक है ?

(1) $D_2 > D_3 > D_1$

(2) $D_1 > D_2 > D_3$

(3) $D_3 > D_2 > D_1$

(4) $D_2 > D_1 > D_3$

10. निम्नलिखित में से किसकी व्याख्या आर्किमिडीज के सिद्धान्त के आधार पर नहीं की जा सकती ?

(1) लोहे से बना जहाज पानी पर तैरता है जबकि लोहे की एक छोटी सी कील पानी में डूब जाती है

(2) छोटे-छोटे कीट पानी की सतह पर चल सकते हैं

(3) शुद्ध पानी में अंडा डूब जाता है जब कि नमक के विलयन में तैरता है

(4) बर्फ पानी पर तैरती है

6. A scissors with one blade broken cannot cut a piece of paper. It can be explained on :

(1) Newton's first law of motion

(2) Second law of motion

(3) Third law of motion

(4) Laws of friction

7. If the length of a seconds pendulum at two planets are in the ratio of 2 : 3, the acceleration due to gravity in these planets will be in the ratio :

(1) 2 : 3

(2) 3 : 2

(3) $\sqrt{2} : \sqrt{3}$

(4) $\sqrt{3} : \sqrt{2}$

8. A ball is allowed to fall freely from the roof of a tower. Simultaneously another ball of the same mass is projected horizontally from the same point with a speed of 2 ms$^{-1}$. If the time taken by the first ball to strike the ground is 2 sec., that taken by the another will be :

(1) 1 S

(2) $\frac{1}{2}$ S

(3) 2 S

(4) 3 S

9. The weight of an object in air is 750 N. Its weight when completely immersed in liquids of densities $D_1$, $D_2$ and $D_3$ is 650 N, 550 N and 600 N respectively. Then which of the following is correct ?

(1) $D_2 > D_3 > D_1$

(2) $D_1 > D_2 > D_3$

(3) $D_3 > D_2 > D_1$

(4) $D_2 > D_1 > D_3$

10. Which of the following can NOT be explained on Archimedes' Principle ?

(1) An iron ship floats on water while a small iron nail does not

(2) Small insects can walk on the surface of water

(3) An egg sink in pure water but floats in the salt solution

(4) Ice floats on water

AMANS MATHS BLOGS.COM

AMANS MATHS BLOGS.COM

व कॉपर (या तांबे) से बनी है, है । यदि इसे गर्म किया जाये तो:

(1) यह पत्ती सीधी ही रहेगी किन्तु, कुछ लम्बी हो जायेगी

(2) पत्ती मुड़ जायेगी और लोहे वाला भाग उत्तल सतह पर होगा

(3) पत्ती मुड़ेगी और ताँबे वाला भाग उत्तल सतह पर होगा

(4) लोहे वाला भाग तो सीधा रहेगा, किन्तु, ताँबे वाला भाग मुड़ जायेगा

12. एक ही धातु व समान द्रव्यमान की एक वृत्ताकार प्लेट, एक घनाकार ठोस तथा एक ठोस गोले को एक समान पालिश किया गया है । इन सभी को 250°C तक गर्म कर ठंडा होने के लिये छोड़ दिया गया है । इनमें से कौन कमरे के ताप तक आने में सबसे अधिक समय लेगा ?

(1) वृत्ताकार प्लेट

(2) गोला

(3) घन

(4) सभी समान समय लेंगे

13. एक थर्मामीटर में पानी के हिमांक को 40° तथा क्वथनांक को 240° लिखा गया है । 50°C के ताप के लिए इस थर्मामीटर का पाठ्यांक कितना होगा ?

(1) 170°

(2) 100°

(3) 120°

(4) 140°

14. दो वस्तुओं $A$ तथा $B$ का ताप क्रमशः 150°C तथा 50°C है । इनको एक निर्वातित डिब्बे में बन्द कर दिया गया है तो कुछ समय पश्चात् $A$ का ताप :

(1) विकिरण द्वारा ऊष्मा ह्रास के कारण कम हो जायेगा

(2) विकिरण द्वारा ऊष्मा मिलने से बढ़ जायेगा

(3) संवहन द्वारा ऊष्मा मिलने के कारण बढ़ेगा

(4) संवहन द्वारा ऊष्मा ह्रास के कारण कम हो जायेगा

15. 50g पानी तथा 50g पारे को समान मात्रा में ऊष्मा दी जाती है तो :

(1) पानी के ताप में पारे से अधिक वृद्धि होगी

(2) पारे के ताप में पानी से अधिक वृद्धि होगी

(3) दोनों के ताप में समान वृद्धि होगी

(4) दोनों के ताप में वृद्धि उनके प्रारंभिक तापों पर निर्भर करेगी

11. If a straight bimatallic strip made of iron and copper is heated, then :

(1) the strip will remain straight but will become longer

(2) the strip will bend with iron on the convex side

(3) the strip will bend with copper on the convex side

(4) the iron part of the strip will remain straight and copper part will bend

12. A circular plate, a solid cube and a solid sphere of the same metal have the same mass and are equally polished. All of them are heated to about 250°C and then left to cool. Which will cool slowest to the room temperature ?

(1) the circular plate

(2) the sphere

(3) the cube

(4) all will cool at the same rate

13. In a certain thermometer the ice point is marked 40° and the steam point 240°. What will be its reading corresponding to 50°C ?

(1) 170°

(2) 100°

(3) 120°

(4) 140°

14. Two bodies $A$ and $B$ at 150°C and 50°C respectively are enclosed in an evacuated insulated container. Then after some time the temperature of $A$ will :

(1) decrease because of loss of heat by radiation

(2) increase because of gain of heat by radiation

(3) increase because of heat gain by convection

(4) decrease because of heat loss by convection

15. 50g of water and 50g of mercury are given the same amount of heat, then the rise in temperature :

(1) of water will be more than that of mercury

(2) of mercury will be more than that of water

(3) of both will be same

(4) of both will depend upon their initial temperatures

AMANS MATHS BLOGS.COM



16. दो भिन्न-भिन्न द्रवों को जिनके द्रव्यमान क्रमशः $m_1$ तथा $m_2$ हैं और ताप क्रमशः $t_1$ तथा $t_2$ हैं, मिला दिया गया है तो उनके मिश्रण का ताप :

(1) $\left(\frac{t_1+t_2}{2}\right)$ होगा

(2) $(t_1+t_2)$ होगा

(3) $(t_1-t_2)$ या $(t_2-t_1)$ होगा

(4) उनकी विशिष्ट ऊष्मा धारिता पर निर्भर करेगा

17. निम्नलिखित में से कौन सबसे अधिक मात्रा की बर्फ को पिघलायेगा ?

(1) 100°C पर 1 ग्राम पानी

(2) 100°C पर 1 ग्राम वायु

(3) 100°C पर 1 ग्राम भाप

(4) कोई भी नहीं, सभी समान मात्रा में बर्फ को पिघलायेंगे

18. जब 'f' फोकस दूरी के अवतल दर्पण से 'u' दूरी पर एक वस्तु हो तो, वस्तु का प्रतिबिम्ब सीधा व वस्तु से बड़ा (या आवर्धित) होगा, यदि :

(1) $u < f$

(2) $u > f$

(3) $u = f$

(4) $u = 2f$.

19. यदि किसी उत्तल लेंस की फोकस दूरी $f$ हो और उसके सामने $u$ दूरी पर एक वस्तु हो तो, वास्तविक व वस्तु से छोटा प्रतिबिम्ब प्राप्त करने के लिए होना चाहिये :

(1) $u = f$

(2) $u < f$

(3) $u = 2f$

(4) $u > 2f$.

20. किसी दर्पण के सामने कहीं पर एक वस्तु रखें, उसका प्रतिबिम्ब हमेशा आभासी व वस्तु से छोटा ही बनता है तो यह दर्पण है :

(1) उत्तल

(2) अवतल

(3) समतल

(4) समतल या उत्तल

16. If two liquids of different masses $m_1$ and $m_2$ and at temperatures $t_1$ and $t_2$ respectively, are mixed together, the final temperature of the mixture will :

(1) be equal to $\left(\frac{t_1+t_2}{2}\right)$

(2) be $(t_1+t_2)$

(3) be $(t_1-t_2)$ or $(t_2-t_1)$

(4) depend upon the specific heat capacities of the two liquids.

17. Which will melt the maximum quantity of ice ?

(1) 1g of water at 100°C

(2) 1g of air at 100°C

(3) 1g of steam at 100°C

(4) None. All will melt the same quantity of ice.

18. If 'u' is the distance of an object placed infront of a concave mirror of focal length 'f', then the image of the object will be erect and magnified (or enlarged) if :

(1) $u < f$

(2) $u > f$

(3) $u = f$

(4) $u = 2f$.

19. If $u$ is the object distance and $f$ the focal length of a convex lens, then to obtain a real and diminished image, we should have :

(1) $u = f$

(2) $u < f$

(3) $u = 2f$

(4) $u > 2f$.

20. The image of an object formed by a mirror is always virtual and diminished irrespective of the position of the object infront of it. The mirror must be :

(1) convex

(2) concave

(3) plane

(4) either plane or convex

AMANS MATHS BLOGS.COM

21. एक अवतल लेंस की फोकस दूरी 'f' सें. मी. है। यदि उसके सामने '2f' दूरी पर एक वस्तु रखी जाये तो उसका प्रतिबिम्ब होगा :
(1) वास्तविक और साइज में वस्तु के समान
(2) आभासी तथा साइज में वस्तु के समान
(3) वास्तविक व वस्तु से छोटा
(4) आभासी व वस्तु से छोटा

22. यदि एक मोमबत्ती का प्रतिबिम्ब किसी दीवार पर बनाना हो तो आपको चाहिए :
(1) एक समतल दर्पण
(2) एक अवतल लेंस
(3) एक उत्तल दर्पण
(4) एक अवतल दर्पण या एक उत्तल लेंस

23. किसी समतल दर्पण के सामने रखी वस्तु और उसके प्रतिबिम्ब के बीच की दूरी 20 cm है। यदि वस्तु की दर्पण से दूरी 5 cm बढ़ा दी जाए तो वस्तु और उसके प्रतिबिम्ब के बीच दूरी हो जायेगी :
(1) 10 cm.
(2) 20 cm.
(3) 30 cm.
(4) 40 cm.

24. प्रकाश की एक किरण काँच से पानी में प्रवेश करती है। यदि आपतन कोण 30° हो तो अपवर्तन कोण होगा :
(1) 30°
(2) 30° से कम
(3) 30° से अधिक
(4) 90°

25. निम्नलिखित में से मनुष्य किस आवृत्ति की ध्वनियों को सुन सकता है :
(1) 2500 Hz.
(2) 25000 Hz.
(3) 10 Hz.
(4) 35000 Hz.

26. एक व्यक्ति किसी कुँए के खुले सिरे पर चिल्लाता है तो उसे अपनी प्रतिध्वनि तीन सेंकड के पश्चात् सुनाई देती है। यदि ध्वनि की चाल 330 m/s हो, तो कुँए की गहराई होगी :
(1) $(330 \times 3)$ m.
(2) $(330 \times 2)$ m.
(3) $(330 \times \frac{3}{2})$ m.
(4) 330 m.

21. The focal length of a concave lens is 'f' cm. If an object is placed at a distance of '2f' from it, the image formed will be :
(1) real and equal in size to the object
(2) virtual and equal in size to the object
(3) real and diminished
(4) virtual and diminished.

22. If the image of a candle is to be formed on the wall of a room, we will have to use a :
(1) plane mirror
(2) concave lens
(3) convex mirror
(4) concave mirror or a convex lens.

23. An object is placed infront of a plane mirror such that the distance between the object and its image is 20 cm. If the object is moved 5 cm further away from the mirror, the distance between the object and the image will become :
(1) 10 cm.
(2) 20 cm.
(3) 30 cm.
(4) 40 cm.

24. A ray of light passes from glass to water. If the angle of incidence is 30°, the angle of refraction in water will be :
(1) 30°
(2) less than 30°
(3) more than 30°
(4) 90°.

25. Which of the following sounds are audible to human ear ? Sounds of frequency :
(1) 2500 Hz.
(2) 25000 Hz.
(3) 10 Hz.
(4) 35000 Hz.

26. A man shouts at the mouth of a deep well and hears the echo after 3 seconds. If the speed of sound is 330 m/s, the depth of the well is :
(1) $(330 \times 3)$ m.
(2) $(330 \times 2)$ m.
(3) $(330 \times \frac{3}{2})$ m.
(4) 330 m.

1.5 x

27. निम्नलिखित धातुओं में से कौन-सी धातु चुम्बक द्वारा आकर्षित नहीं होती ?

(1) लोहा

(2) जिंक (जस्ता)

(3) निकल

(4) कोबाल्ट

28. विद्युत चुम्बक के क्रोड बनाने के लिए सबसे अच्छी धातु कौन-सी है ?

(1) लोहा

(2) स्टील (स्पात)

(3) कॉपर (तांबा)

(4) चाँदी (सिल्वर)

29. पृथ्वी के चुम्बकत्व की खोज किसने की थी ?

(1) गॉस

(2) ऑर्स्टेड

(3) एम्पियर

(4) गिलबर्ट

30. दो गुब्बारे (बैलून) *A* और *B* एक दूसरे को आकर्षित करते हैं। यह प्रकट करता है कि :

(1) *A* आवेशित तथा *B* अनावेशित है

(2) *B* आवेशित तथा *A* अनावेशित है

(3) *A* और *B* दोनों में विपरीत आवेश हैं

(4) ऊपर लिखी सभी संभावनायें सच हो सकती हैं

31. निम्नलिखित में से कौन से कण किसी चुम्बक के चुम्बकीय क्षेत्र से प्रभावित नहीं होते ?

(1) प्रोटॉन

(2) कैथोड किरणें

(3) अल्फा कण

(4) न्यूट्रॉन

32. $^{235}_{92}U$ में न्यूट्रॉनों की संख्या है :

(1) 48

(2) 92

(3) 143

(4) 235

27. Which of the following metals are not attracted by a magnet ?

(1) Iron

(2) Zinc

(3) Nickel

(4) Cobalt

28. The most suitable metal for making the core of an electromagnet is :

(1) Iron

(2) Steel

(3) Copper

(4) Silver

29. Magnetism of the earth was discovered by :

(1) Gauss

(2) Oersted

(3) Ampere

(4) Gilbert

30. Two balloons *A* and *B* attract each other when placed close together. It shows that :

(1) *A* is charged and *B* is uncharged

(2) *B* is charged and *A* is uncharged

(3) *A* and *B* have unlike charges

(4) all the above three options are possible

31. Which of the following particles are not deviated by a magnetic field of a magnet ?

(1) protons

(2) cathode rays

(3) alpha particles

(4) neutrons

32. The number of neutrons in $^{235}_{92}U$ is:

(1) 48

(2) 92

(3) 143

(4) 235

33. निम्नलिखित में से किसे कुछ ही समय पहले पूर्ण-ग्रहों की श्रेणी से हटा दिया गया है ?

(1) नेपट्यून

(2) प्लूटो

(3) यूरेनस

(4) सेरेस

33. Which of the following has recently lost its status as a planet ?

(1) Neptune

(2) Pluto

(3) Uranus

(4) Ceres

34. अन्तरिक्ष से अन्तरिक्ष यात्रियों को आकाश किस रंग का दिखाई देता है ?

(1) नीला

(2) श्वेत

(3) काला

(4) हल्का लाल

34. To an astronaut, the outerspace (sky) appears :

(1) blue

(2) white

(3) black

(4) redish

35. कौन-सा ग्रह सबसे चमकीला है ?

(1) बुध

(2) शुक्र

(3) मंगल

(4) बृहस्पति

35. Which of the following is the brightest planet ?

(1) Mercury

(2) Venus

(3) Mars

(4) Jupiter

36. किसी तार का वैद्युत प्रतिरोध उसकी लम्बाई के समानुपाती व उसकी मोटाई के व्युत्क्रमानुपाता होता है । यदि 8 ओम प्रतिरोध के किसी लम्बे तार को उसके मध्यबिन्दु पर 180° पर मोड़ कर दोनों भागों को बट दिया जाए तो उसका प्रतिरोध हो जायेगा :

(1) 8 ओम

(2) 4 ओम

(3) 2 ओम

(4) 1 ओम

36. The electrical resistance of a wire is directly proportional to its length and inversely proportional to its thickness. If a long wire of resistance 8 ohm is bent at 180° at its mid point and the two parts are twisted together, then the resistance of the wire will be :

(1) 8 ohm

(2) 4 ohm

(3) 2 ohm

(4) 1 ohm

37. विद्युत बल्बों के तन्तु टंगस्टन के बनाये जाते हैं । यदि तन्तु टंगस्टन के स्थान पर ताँबे (कॉपर) का बनाया जाए, तो बल्ब :

(1) अधिक प्रकाश देगा

(2) कम प्रकाश देगा

(3) प्रकाश नहीं देगा

(4) तुरन्त फ्यूज हो जाएगा

37. The filaments of an electric bulbs are made of tungston. If tungston filament is replaced by a copper filament, the bulb will :

(1) give more light

(2) give less light

(3) give no light

(4) fuse immediately

38. पीले रंग के गुलाब के फूल को लाल रंग के प्रकाश में देखा जाए तो यह किस रंग का लगेगा ?

(1) नारंगी

(2) लाल

(3) पीला

(4) काला

39. यदि आपको किसी खगोलीय दूरदर्शी (या दूरबीन) की आवर्धन क्षमता (या आवर्धन) बढ़ाना हो तो आपको बढ़ाना होगा :

(1) उसके अभिदृश्यक का द्वारक

(2) उसके अभिदृश्यक की फोकस दूरी

(3) उसकी नेत्रिका का द्वारक

(4) उसकी नेत्रिका की फोकस दूरी

40. निम्न में से कौन सा प्रकाश यंत्र किसी वस्तु का वास्तविक प्रतिबिम्ब बनाता है ?

(1) साधारण सूक्ष्मदर्शी

(2) यौगिक सूक्ष्मदर्शी

(3) खगोलीय दूरदर्शी

(4) मानव नेत्र

41. यदि $m$ द्रव्यमान की किसी वस्तु को भिन्न-भिन्न ग्रहों पर समान ऊँचाई $h$ तक उठाया जाए तो निम्नलिखित ग्रहों से किस पर उसकी स्थितिज ऊर्जा अधिकतम होगी ?

(1) पृथ्वी पर

(2) शनि पर

(3) बृहस्पति पर

(4) किसी पर नहीं । सभी ग्रहों पर समान स्थितिज ऊर्जा होगी

42. किसी साइकिल के पहिये के रिम पर एक निशान बना है, उस रिम की त्रिज्या r है । यदि पहिया एक पूरा तथा एक आधा चक्कर लगाये तो रिम पर बने निशान का विस्थापन तथा उसके द्वारा तय की गई दूरी क्रमशः होगी :

(1) 2 r तथा 3 $\pi$ r

(2) $\frac{3}{2}$ r तथा 2 $\pi$ r

(3) r तथा $\frac{3}{2}\pi$ r

(4) शून्य तथा $\pi$ r

38. If a yellow rose is seen in red light, it will appear :

(1) orange

(2) red

(3) yellow

(4) black

39. If you want to increase the magnification (or magnifying power) of an astronomical telescope you will have to increase :

(1) the aperture of the objective

(2) the focal length of the objective

(3) the aperture of the eye piece

(4) the focal length of the eye piece

40. Which of the following optical instrument forms a real image of an object ?

(1) a simple microscope

(2) a compound microscope

(3) an astronomical telescope

(4) human eye

41. If a body of mass $m$ is raised to the same height $h$ on different planets, where will it have the maximum potential energy ?

(1) on the Earth

(2) on Saturn

(3) on Jupiter

(4) None of them, it will have the same potential energy on all planets

42. A point is marked on the rim of radius r of a bicycle wheel when the wheel makes one full and one half revolution, the displacement and the distance travelled by the mark (from its original position) are respectively :

(1) 2 r and 3 $\pi$ r

(2) $\frac{3}{2}$ r and 2 $\pi$ r

(3) r and $\frac{3}{2}\pi$ r

(4) zero and $\pi$ r

43. एक वस्तु किस चाल से गति करे कि उसकी गतिज ऊर्जा, उसी वस्तु को 20 m ऊँचाई पर रखने से उसमें उत्पन्न स्थितिज ऊर्जा के बराबर हो जाए ? ($g = 10\ m/s^2$)

(1) 5 m/s

(2) 10 m/s

(3) 15 m/s

(4) 20 m/s

44. दो स्थानों A व B के बीच की दूरी 120 किलोमीटर है। एक कार A से B को 60 km. प्रति घंटा की चाल से चलकर, B से A को 40 km. प्रति घंटा की चाल से वापस आती है। इस पूरी यात्रा की अवधि में इस कार की औसत चाल व औसत वेग में अन्तर होगा :

(1) 50 km/घंटा

(2) 48 km/घंटा

(3) 45 km/घंटा

(4) 55 km/घंटा

45. यदि पर्वतीय क्षेत्रों में बर्फ गिरे तो सबसे अधिक ठंडा कब होता है ?

(1) बर्फ गिरने के ठीक पहले

(2) बर्फ के गिरते समय

(3) बर्फ गिरने के बाद

(4) जब सब बर्फ पिघल जाए तब

46. जब एक व्यक्ति लकड़ी के एक पतले तख्ते पर लेटता है तो वह तख्ता नहीं टूटता। किन्तु, यदि वह उसी तख्ते पर खड़ा होता है तो वह टूट जाता है। इसका कारण यह है कि तब :

(1) प्रणोद बढ़ जाता है अत: दाब भी बढ़ जाता है

(2) प्रणोद तो वही रहता है किन्तु, दाब बढ़ जाता है

(3) प्रणोद कम हो जाता है किन्तु दाब बढ़ जाता है

(4) दाब वही रहता है किन्तु, प्रणोद बढ़कर तख्ते को तोड़ देता है

43. With what speed should a body travel so that its energy is equal to the energy of the same body placed at a height of 20 m above the surface of the earth ? ($g = 10\ m/s^2$)

(1) 5 m/s

(2) 10 m/s

(3) 15 m/s

(4) 20 m/s

44. The distance between two stations A and B is 120 km. A car travels from A to B with a speed of 60 km/hour and comes back from B to A with a speed of 40 km/hour. The difference in average speed and velocity of the car during the journey is :

(1) 50 km/hour

(2) 48 km/hour

(3) 45 km/hour

(4) 55 km/hour

45. If snow falls in hilly areas, when is it the coldest ?

(1) just before the snow fall

(2) during the snow fall

(3) after the snow fall

(4) after all the snow has melted

46. A man can safely liedown on a cot of a thin plank of wood without breaking it. But, the plank breaks when the man stands on it. It is because then :

(1) The thrust increases and hence the pressure increases

(2) The thrust remains the same but pressure increases

(3) Thrust decreases but pressure increases

(4) Pressure decreases but thrust increases and breaks the plank

47. निम्नलिखित कथनों में से कौन-सा कथन सत्य (या ठीक) नहीं है ?

(1) स्थैतिक घर्षण सदैव गतिज घर्षण से अधिक होता है

(2) सर्पी घर्षण स्थैतिक घर्षण से कम होता है

(3) घर्षण वस्तु पर लगाये गए बल के साथ-साथ कम या अधिक होता जाता है

(4) बाल बेयरिंग घर्षण को समाप्त कर देते हैं

48. शुष्क सेल निम्नलिखित में से किसका संशोधित (या सुधरा हुआ) रूप है ?

(1) लेक्लांशी सेल

(2) डेनियल सेल

(3) वोल्टीय सेल

(4) बटन सेल

49. एस. आई. प्रणाली में द्रव्यमान, लम्बाई तथा समय के मात्रक क्रमशः किलोग्राम (kg), मीटर (m) तथा सेकंड (s) है। इस प्रणाली में शक्ति का मात्रक होगा :

(1) kg. $m^2/s^2$

(2) kg. $m^2/s^3$

(3) kg. m/s

(4) kg. $m^3/s^2$

50. एक व्यक्ति अपनी आँख से 60 cm. से अधिक दूरी पर स्थित वस्तुओं को स्पष्ट नहीं देख सकता। उसके दृष्टिदोष का नाम व इसको ठीक करने के लिए आवश्यक लेंस क्रमशः हैं :

(1) निकट दृष्टि तथा उत्तल लेंस

(2) निकट दृष्टि तथा अवतल लेंस

(3) जरा दृष्टि तथा बेलनाकार लेंस

(4) दूर दृष्टि तथा उत्तल लेंस

47. Which statement is *NOT* correct ?

(1) static friction is always more than the dynamic friction

(2) rolling friction is less than static friction

(3) friction is a self adjusting force

(4) ball bearings eliminate friction

48. A dry cell is a modified form of :

(1) a Leclanche cell

(2) a Deniel cell

(3) a Voltaic cell

(4) a Button cell

49. The S.I. units of mass, length and time are kilogram (kg), metre (m) and second (s) respectively, the unit of power in this system will be :

(1) kg. $m^2/s^2$

(2) kg. $m^2/s^3$

(3) kg. m/s

(4) kg. $m^3/s^2$

50. A person cannot clearly see an objects placed beyond a distance of 60 cm. from his eye. The name of the defect of his vision and the type of lens used for its correction are respectively :

(1) Myopia and convex lens

(2) Myopia and concave lens

(3) Presbiopia and cylindrical lens

(4) Hypermetropia and convex lens

AMANS MATHS BLOGS.COM





## रसायन विज्ञान
## CHEMISTRY

1. 1200 ई. पू. में ज्ञात धातु थी :

(1) सोडियम

(2) कैल्सियम

(3) एल्युमिनियम

(4) लोहा

2. फिलॉस्फर्स स्टॉन था :

(1) एक पत्थर जो रत्न के रूप में प्रयोग किया जाता था

(2) आग्नेय चट्टान का एक टुकड़ा

(3) एक पदार्थ जिसे आदि रसायनज्ञ (alchemists) ढूंढते थे।

(4) एक पत्थर जिसका प्रयोग मन्दिरों के निर्माण में होता था

3. रबड़ के उत्पादन में प्रयोग होने वाली प्रक्रिया थी :

(1) निर्जलीकरण

(2) हाइड्रोजनीकरण

(3) हाइड्रेसन

(4) वल्कनीकरण

4. मिश्र धातुएं हैं :

(1) धातुओं का मिश्रण

(2) धात्विक तत्व

(3) यौगिक

(4) उत्प्रेरक

5. एक रासायनिक यौगिक को उसके तत्वों में अलग किया जा सकता है केवल :

(1) भौतिक विधियों द्वारा

(2) रासायनिक विधियों द्वारा

(3) छानकर

(4) विलयन बनाकर

1. The metal known as early as 1200 B.C. was :

(1) Sodium

(2) Calcium

(3) Aluminium

(4) Iron

2. The philospher's stone was :

(1) a stone used as a jewel

(2) a piece of igneous rock

(3) a substance alchemists sought

(4) a stone used in building temples

3. The process used in making rubber is :

(1) dehydration

(2) hydrogenation

(3) hydration

(4) vulcanization

4. Alloys are :

(1) mixture of metals

(2) metallic elements

(3) compounds

(4) catalysts

5. A chemical compound may be separated into its elements only by :

(1) physical methods

(2) chemical methods

(3) filtration

(4) dissolving

6. कथन "एक रासायनिक यौगिक में सदैव निश्चित तत्व निश्चित अनुपात में होते हैं", कहलाता है :

(1) बॉयल का नियम

(2) चार्ल्स का नियम

(3) निश्चित संघटन का नियम

(4) पदार्थ के संरक्षण का नियम

7. एक रासायनिक अभिक्रिया जिसमें ऊष्मा एवं प्रकाश उत्पन्न होता है, कहलाती है :

(1) अपचयन

(2) संयोजन

(3) वियोजन

(4) दहन

8. मछलियाँ प्रयोग करती हैं :

(1) जल में संयोजित ऑक्सीजन

(2) जल के अणु

(3) जल में घुली स्वतंत्र ऑक्सीजन

(4) जल के ऊपर पायी जाने वाली ऑक्सीजन

9. क्लोरीन एक तत्व है क्योंकि क्लोरीन :

(1) सामान्य ताप पर गैस है

(2) जल में विलय है

(3) एक ही प्रकार के परमाणुओं से बनी है

(4) एक ऑक्सीकारक है

10. कच्चे पेट्रोलियम का शोधन किया जाता है :

(1) पृथककारी फनल द्वारा

(2) क्रिस्टलीकरण द्वारा

(3) आसवन द्वारा

(4) प्रभाजी आसवन द्वारा

6. The statement "A chemical compound always contains the elements with the same ratio of atoms of each", is known as the law of :

(1) Boyle

(2) Charles

(3) definite composition

(4) conservation of matter

7. A chemical reaction in which heat and light are produced is called :

(1) reduction

(2) combination

(3) decomposition

(4) combustion

8. Fish use :

(1) combined oxygen in water

(2) the whole water molecule

(3) free dissolved oxygen in water

(4) air at the surface of water

9. Chlorine is considered an element because chlorine :

(1) is a gas at room temperature

(2) dissolves in water

(3) has one kind of atoms only

(4) is an oxidising agent

10. Crude petroleum is refined by :

(1) separating funnel

(2) crystallisation

(3) distillation

(4) fractional distillation

11. 1 मोल नाइट्रोजन गैस में होंगे :

(1) $6.022 \times 10^{23}$ अणु

(2) $6.022 \times 10^{23}$ परमाणु

(3) 2 परमाणु

(4) 2 अणु

12. कई तत्वों के आपेक्षिक परमाणु द्रव्यमान पूर्ण संख्या में नहीं हैं, क्योंकि :

(1) तत्वों के परमाणु द्रव्यमान आंशिक होते हैं

(2) तत्व समस्थानिकों के मिश्रण होते हैं

(3) तत्व शुद्ध पदार्थ नहीं हैं

(4) सभी तत्व ठोस नहीं हैं

13. $CO_2$ के एक अणु में उपस्थित इलेक्ट्रॉन की कुल संख्या है :

(1) 22

(2) 44

(3) 66

(4) 88

14. निम्न अभिक्रिया के अनुसार, 4 ग्राम प्राकृतिक गैस ($CH_4$) के पूर्ण दहन के लिए आवश्यक ऑक्सीजन की मात्रा होगी :
$CH_4(g) + 2O_2(g) \rightarrow CO_2(g) + 2H_2O\ (l)$

(1) 4g

(2) 8g

(3) 16g

(4) 32g

[दिया है परमाणु द्रव्यमान : C = 12, H = 1, O = 16]

15. STP पर 11.2 L $CO_2$ का द्रव्यमान होगा :

(1) 80g

(2) 44g

(3) 32g

(4) 22g

[दिया है परमाणु द्रव्यमान : C = 12, O = 16]

11. 1 mole of Nitrogen gas contains :

(1) $6.022 \times 10^{23}$ molecules

(2) $6.022 \times 10^{23}$ atoms

(3) 2 atoms

(4) 2 molecules

12. The relative atomic masses of many elements are not whole numbers because :

(1) elements have fractional atomic masses

(2) elements are mixtures of isotopes

(3) elements are not pure substances

(4) all elements are not solids

13. The total number of electrons in one molecule of $CO_2$ is :

(1) 22

(2) 44

(3) 66

(4) 88

14. The mass of oxygen required to burn 4 g of natural gas ($CH_4$) completely according to the reaction $CH_4(g) + 2O_2(g) \rightarrow CO_2(g) + 2H_2O\ (l)$ is :

(1) 4g

(2) 8g

(3) 16g

(4) 32g

[Given Atomic mass : C = 12, H = 1, O = 16].

15. The mass of 11.2 L of $CO_2$ at STP would be :

(1) 80g

(2) 44g

(3) 32g

(4) 22g

[Given Atomic mass : C = 12, O = 16].

16. समान आयतन के तीन बर्तनों A, B व C में क्रमशः हाइड्रोजन, ऑक्सीजन एवं नाइट्रोजन समान ताप व दाब पर हैं, उनके द्रव्यमान का सही बढ़ता हुआ क्रम है :

(1) $A < B < C$

(2) $B < C < A$

(3) $A < C < B$

(4) $C < A < B$

17. परमाणु का नाभिक बना होता है :

(1) प्रोटॉन एवं इलेक्ट्रॉन का

(2) प्रोटॉन, न्यूट्रॉन एवं इलेक्ट्रॉन का

(3) न्यूट्रॉन एवं इलेक्ट्रॉन का

(4) प्रोटॉन एवं न्यूट्रॉन का

18. उदासीन परमाणु से निम्न के निकलने के कारण धनायन बनता है :

(1) प्रोटॉन

(2) पॉजिट्रॉन

(3) इलेक्ट्रॉन

(4) न्यूट्रॉन

19. एक तत्व का परमाणु द्रव्यमान 39 व परमाणु क्रमांक 19 है, उसके परमाणु में इलेक्ट्रॉन, प्रोटॉन एवं न्यूट्रॉन की संख्या क्रमशः होगी :

(1) 19, 19, 20

(2) 19, 20, 19

(3) 20, 19, 19

(4) 39, 19, 39

20. एक परमाणु के नाभिक में एक न्यूट्रॉन का प्रवेश कराने पर, परिवर्तन होगा, उसके :

(1) परमाणु क्रमांक में

(2) परमाणु द्रव्यमान में

(3) रासायनिक प्रकृति में

(4) इलेक्ट्रॉन की संख्या में

16. Three containers A, B and C of equal volume contain hydrogen, oxygen and nitrogen respectively at the same temperature and pressure. The correct increasing order of their masses will be :

(1) $A < B < C$

(2) $B < C < A$

(3) $A < C < B$

(4) $C < A < B$

17. The nucleus of an atom consists of :

(1) protons and electrons

(2) protons, neutrons and electrons

(3) neutrons and electrons

(4) protons and neutrons

18. Positive ions are formed from the neutral atom by the loss of :

(1) protons

(2) positrons

(3) electrons

(4) neutrons

19. An element has atomic mass 39 and atomic number 19, the number of electrons, protons and neutrons in it will be respectively :

(1) 19, 19, 20

(2) 19, 20, 19

(3) 20, 19, 19

(4) 39, 19, 39

20. The introduction of a neutron in the nucleus of an atom would lead to a change in the :

(1) atomic number

(2) atomic mass

(3) chemical nature

(4) number of electrons

21. आवर्त सारणी में, एक आवर्त में बायें से दायें जाने पर, परमाणु का आकार :

(1) आरम्भ में बढ़ता है फिर घटता है

(2) लगातार घटता है

(3) लगातार बढ़ता है

(4) आरम्भ में घटता है फिर बढ़ता है

22. ऑक्सीजन अणु में ऑक्सीजन परमाणु आबन्धित हैं :

(1) एक सहसंयोजी आबन्ध द्वारा

(2) एक द्विसहसंयोजी आबन्ध द्वारा

(3) एक त्रिसहसंयोजी आबन्ध द्वारा

(4) किसी भी आबन्ध द्वारा नहीं

23. सहसंयोजी और आयनिक आबन्ध पाये जाने वाले यौगिक का उदाहरण है :

(1) $CaCl_2$

(2) $H_2O$

(3) $NH_4Cl$

(4) $CCl_4$

24. एथेनॉल जल में घुलनशील है :

(1) हाइड्रोजन आबन्ध बनाने के कारण

(2) सहसंयोजी आबन्ध के कारण

(3) ध्रुवीय प्रकृति के कारण

(4) आयनिक प्रकृति के कारण

25. दो युग्म लोन इलेक्ट्रॉन (lone pair of electrons) व दो युग्म आबन्धीय इलेक्ट्रॉन उपस्थित हैं :

(1) $CO_2$ में

(2) $NH_3$ में

(3) $BF_3$ में

(4) $H_2O$ में

26. किसी ताप पर उत्क्रमणीय अभिक्रिया में साम्यावस्था स्थिरांक :

(1) आरम्भिक सान्द्रता पर निर्भर नहीं करता

(2) अभिक्रिया की विशेषता प्रदर्शित नहीं करता

(3) साम्यावस्था में उत्पन्न उत्पादकों की सान्द्रता पर निर्भर करता है

(4) अभिक्रिया की आरम्भिक सान्द्रता पर निर्भर करता है

21. In the periodic table, the size of atoms in a period from left to right :

(1) initially increases and then decreases

(2) decreases regularly

(3) increases regularly

(4) initially decreases and then increases

22. The oxygen atoms in an oxygen molecule are bonded with :

(1) a single covalent bond

(2) a double covalent bond

(3) a triple covalent bond

(4) no chemical bond

23. An example of a compound having both covalent and ionic bond is :

(1) $CaCl_2$

(2) $H_2O$

(3) $NH_4Cl$

(4) $CCl_4$

24. Ethanol is miscible with water due to :

(1) hydrogen bonding character

(2) covalent character

(3) polar character

(4) ionic character

25. Two lone pair of electrons and two bond pair of electrons are present in :

(1) $CO_2$

(2) $NH_3$

(3) $BF_3$

(4) $H_2O$

26. The equilibrium constant in a reversible reaction at a given temperature :

(1) does not depend on the initial concentrations

(2) is not characteristic of the reaction

(3) depends on the concentration of the products at equilibrium

(4) depends on initial concentration of the reaction

AMANS MATHS BLOGS.COM

27. किसी उत्क्रमणीय रासायनिक अभिक्रिया में साम्यावस्था पर दो अभिकर्मक हैं, अगर अभिकर्मकों की सान्द्रता दो गुनी कर दी जाए तो साम्यावस्था स्थिरांक हो जाएगा :

(1) दो गुना

(2) आधा

(3) चौथाई

(4) समान रहेगा

28. अभिक्रिया $N_2 + O_2$ + ऊष्मा $\rightleftharpoons$ 2 NO में, NO का उत्पादन अधिक होगा :

(1) निम्न ताप पर

(2) उच्च ताप पर

(3) उच्च दाब पर

(4) निम्न दाब पर

29. अभिक्रिया, $A + B \rightleftharpoons AB$, यदि A की सान्द्रता दो गुनी कर दी जाए, तो अभिक्रिया की दर हो जायेगी :

(1) दो गुनी

(2) चार गुनी

(3) समान रहेगी

(4) आधी

30. रासायनिक अभिक्रिया में, जब साम्यावस्था स्थापित हो जाती है :

(1) अभिकर्मक और उत्पादों की सान्द्रता समान हो जाती है

(2) विपरीत अभिक्रियाओं की दर समान होती है

(3) विपरीत अभिक्रियायें रुक जाती हैं

(4) एक स्थिर साम्यावस्था स्थापित हो जाती है

31. अभिक्रिया $C + H_2O \rightarrow CO + H_2$, $H_2O$ कार्य करता है :

(1) एक आक्सीकारक की तरह

(2) एक अपचायक की तरह

(3) दोनों की तरह

(4) किसी भी तरह नहीं

27. In a reversible chemical reaction having two reactants in equilibrium, if concentrations of the reactants are doubled, then the equilibrium constant will :

(1) also be doubled

(2) become ½

(3) become ¼

(4) remains the same

28. In the reaction, $N_2 + O_2$ + heat $\rightleftharpoons$ 2 NO the condition which will favour the formation of NO is :

(1) low temperature

(2) high temperature

(3) high pressure

(4) low pressure

29. In the reactions, $A + B \rightleftharpoons AB$, if the concentration of A is doubled, the rate of reaction will :

(1) double

(2) increases to four times

(3) remain uneffected

(4) decrease to one-half

30. In a chemical reaction, when equilibrium is established :

(1) concentrations of reactants and products are equal

(2) velocities of opposing reactions are equal

(3) opposing reactions stop

(4) a static equilibrium is established

31. In the reaction, $C + H_2O \rightarrow CO + H_2$, $H_2O$ acts as :

(1) an oxidising agent

(2) reducing agent

(3) both

(4) none

32. एक अपचायक वह पदार्थ है, जो :

(1) इलेक्ट्रॉन ग्रहण करता है

(2) इलेक्ट्रॉन प्रदान करता है

(3) प्रोटॉन ग्रहण करता है

(4) प्रोटॉन प्रदान करता है

33. जब एक लोहे की छड़, कॉपर सल्फेट विलयन में डुबोयी जाती है, कॉपर अवक्षेपित हो जाता है :

(1) $CuSO_4$ के आयनीकरण के कारण

(2) $Cu^{2+}$ आयनों के अपचयन के कारण

(3) $Cu^{2+}$ आयनों के आक्सीकरण के कारण

(4) उदासीनीकरण अभिक्रिया के कारण

34. समान परिस्थितियों में जल में सबसे कम विलेय गैस है :

(1) $O_2$

(2) $H_2$

(3) $Cl_2$

(4) $CO_2$

35. उभयधर्मी (amphoteric) ऑक्साइड का उदाहरण है :

(1) $Na_2O$

(2) CuO

(3) ZnO

(4) CaO

36. ब्रह्मांड में सबसे अधिक पायी जाने वाली उत्कृष्ट गैस है :

(1) हीलियम

(2) निऑन

(3) क्रिप्टॉन

(4) जीनॉन

37. निकिल ऑक्साइड काँच को रंग प्रदान करता है :

(1) नीला

(2) हरा

(3) काला

(4) बैंगनी

32. A reducing agent is a substance which :

(1) accept electrons

(2) donate electrons

(3) accept protons

(4) donate protons

33. When an iron rod is dipped in $CuSO_4$ solution, copper is precipitated due to :

(1) ionisation of $CuSO_4$

(2) reduction of $Cu^{2+}$ ions

(3) oxidation of $Cu^{2+}$ ions

(4) a neutralisation reaction

34. The gas least soluble in water under similar conditions, is :

(1) $O_2$

(2) $H_2$

(3) $Cl_2$

(4) $CO_2$

35. An example of amphoteric oxide is :

(1) $Na_2O$

(2) CuO

(3) ZnO

(4) CaO

36. The noble gas which is most abundant in the universe is :

(1) Helium

(2) Neon

(3) Krypton

(4) Xenon

37. The colour imparted to glass by Nickel Oxide is :

(1) blue

(2) green

(3) black

(4) purple

38. $SO_2$ के लिए उचित निर्जलीकारक है :

(1) $CaO$

(2) $CaCl_2$

(3) $P_2O_5$

(4) सान्द्र $H_2SO_4$

39. ताँबे के बर्तनों को नम वायु में रखने पर, उनकी सतह पर बनने वाली हरी परत है :

(1) $Cu(OH)_2$

(2) $Cu_2O$

(3) $CuCO_3$

(4) $CuCO_3 . Cu(OH)_2$

40. गन मेटल एक मिश्र धातु है, लेड और :

(1) Sn

(2) Cu

(3) As

(4) Zn

41. हीरे की अति चमक का कारण है, उसका :

(1) अति कठोर पदार्थ होना

(2) उच्च अपवर्तनांक होना

(3) घनत्व 3.51 g $cm^{-3}$ होना

(4) विद्युत का कुचालक होना

42. शुष्क बर्फ है :

(1) अति निम्न ताप पर बर्फ

(2) ठोस $Cl_2$

(3) ठोस $CO_2$

(4) ठोस $SO_2$

43. कार्बन मोनोक्साइड की सक्रियता (affinity) अधिक है :

(1) ऑक्सीजन के प्रति

(2) हीमोग्लोबिन के प्रति

(3) प्रोटॉन के प्रति

(4) हाइड्रोजन के प्रति

44. कार्बनिक यौगिकों का बहुत बड़ी संख्या में पाये जाने का कारण है, कार्बन का :

(1) केटेनेशन

(2) समावयवता

(3) केटेनेशन एवं समावयवता

(4) कार्बनिक यौगिकों का सहसंयोजी होना

38. A suitable drying agent for $SO_2$ is :

(1) $CaO$

(2) $CaCl_2$

(3) $P_2O_5$

(4) Conc. $H_2SO_4$

39. The green layer deposited on copper utensils when attacked by moist air, consists of :

(1) $Cu(OH)_2$

(2) $Cu_2O$

(3) $CuCO_3$

(4) $CuCO_3 . Cu(OH)_2$

40. Gun metal is an alloy of lead and :

(1) Sn

(2) Cu

(3) As

(4) Zn

41. The great brilliance of diamond is due to :

(1) it being the hardest substance

(2) its high refractive index

(3) its density being 3.51 g $cm^{-3}$

(4) being a bad conductor of electricity

42. Dry ice is :

(1) ice at very low temperature

(2) solid $Cl_2$

(3) solid $CO_2$

(4) solid $SO_2$

43. The affinity of carbon monoxide is larger for :

(1) oxygen

(2) haemoglobin

(3) protons

(4) hydrogen

44. Existence of a variety of a large number of organic compounds is attributed to :

(1) catenation

(2) isomerism

(3) catenation and isomerism

(4) covalent nature of organic compounds

45. $-\overset{\displaystyle OH}{\overset{|}{C}}=O$ द्वारा प्रदर्शित क्रियात्मक समूह है :

(1) कार्बोक्सिलिक अम्ल

(2) कीटोन

(3) फीनोल

(4) अल्कोहल

46. एथायल एथेनोएट का सूत्र है :

(1) $CH_3-\overset{\displaystyle O}{\overset{\|}{C}}-O-C_2H_5$

(2) $CH_3-\overset{\displaystyle O}{\overset{\|}{C}}-O-\overset{\displaystyle O}{\overset{\|}{C}}-CH_3$

(3) $CH_3-CH_2-O-C_2H_5$

(4) $C_2H_5-\overset{\displaystyle O}{\overset{\|}{C}}-OH$

47. $CH_3-CH=\overset{\displaystyle CH=CH_2}{\overset{|}{C}}-CH_2-CH_2-CH_3$ में सबसे लम्बी शृंखला में कार्बन परमाणुओं की संख्या है :

(1) 4

(2) 5

(3) 6

(4) 7

48. $CH_4$ अणु की संरचना है :

(1) पिरामिडल

(2) त्रिकोणीय द्विपिरामिडल

